nt>

Title: Need to review the functioning of Dugda Coal Washery and other Units of Bharat Coking Coal Limited. – Laid.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) : महोदय, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के विभिन्न कोलवाशरीज खास कर दुग्दा कोलवाशरी में नियमों का विधिवत पालन नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में मैंने विभाग को कई पत्र लिखे परन्तु परिणाण शून्य है। दुग्दा कोलवाशरी में भारी वाहन ब्रेक डाउन है और वाहनों की स्वीकृत संख्या में कमी होती जा रही है। यहां पर कामगारों का अभाव, कच्चे कोयले का अभाव, माप-तोल कार्यालय का अभाव, ट्रेड यूनियन एवं प्रबन्धन में सम्पर्क का अभाव, बिजली का अभाव, औद्योगिक रिश्ते का अभाव, कर्मचारियों एवं मजदूरों के आवासों की दयनीय स्थिति आदि अनेक कमियां हैं।

इसी प्रकार बीसीसीएल में मृत कर्मचारियों के आश्रितों एवं विस्थापितों को नौकरी एवं मुआवजा देने का मामला लम्बित है। खदानो में आग लगी है परन्तु इसे रोकने के लिए समुचित उपाय नहीं किए जा रहे हैं। अतः केन्द्र सरकार से आग्रह है कि उपर्युक्त मामले की उच्चस्तरीय जांच सुनिश्चित करा कर दोाी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।